पेज थ्री
देहरादून

देहरादून मंगलवार 9 जून 2020


हमारा दून



जरूरतमंदों को राशन बांटते हुए विधायक गणेश जोशी।

## पीपलपानी-शोक सूचना



अत्यंत दूख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती भट्ट का आकस्मिक निधन दिनांक 6 जून 2020 को हो गया है। उनका पीपलपानी दिनांक 17 जून 2020 को हमारे निवास स्थान– चिमस्यानौला जीआई रोड पिथौरागढ़ में होगा। कृपया उक्त सूचना को व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

**शोकाकुलः–** बुदि्ृ वल्लभ भट्ट(पति), रविश भट्ट, निर्मल भट्ट(पुत्रगण), श्रीमती ममता तिवारी–श्री भाष्कर तिवारी, श्रीमती भावना ऐर– श्री निर्मल ऐर, श्रीमती बन्दना कापड़ी–श्री अनिल दत्त (पुत्रिया–दमाद) एवं समस्त परिवारजन व मित्रगण।
मो. 9634339951, 9410392353

# सीएम घोषणाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाय

**बैठक**

कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगीः सीएम

जल जीवन मिशन के तहत होने वाले कार्यों के लिए केन्द्र को प्रस्ताव भेजें

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में मुख्यमंत्री घोषणाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाय। कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जल जीवन मिशन के तहत होने वाले कार्यों के लिए केन्द्र को प्रस्ताव बनाकर भेजें। केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याण योजनाओं के लिए राज्य सरकार को भरपूर सहयोग मिल रहा है।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने सोमवार को सचिवालय में डोईवाला विधानसभा की घोषणाओं के सबंध में बैठक ली। ज्ञातव्य है कि पिछली बैठकों में अन्य विधानसभाओं की समीक्षा हो गई थी। डोईवाला विधानसभा में मुख्यमंत्री की 132 घोषणाओं में से 93 घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने रेलवे ओवर ब्रिज से भानियावला तक डबल लेन के निर्माण एवं बाईपास के किनारे फुटपाथ निर्माण तथा सौन्दर्यीकरण के कार्य में विलम्ब पर नारजगी व्यक्त की। उन्होंने 30 जून तक इसका एस्टीमेट शासन को भेजने के निर्देश दिये।



नागल ज्वालापुर से डोईवाला के मध्य सड़क चौड़ीकरण का कार्य, डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत अन्य सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण के अवशेष कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। राजकीय इण्टर कॉलेज रानीपोखरी में स्व. राजेन्द्र सिंह शाह की मूर्ति जल्द स्थापित करने के निर्देश दिये।

युवा कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि मिनी स्टेडियम के लिए अठूरवाला में जमीन चिन्हित की गई है। दुधली, भानियावाला, लालतप्पड़ व थानों में छोटे–छोटे खेल मैदानों की स्थापना की कार्यवाही गतिमान है।

राज्य स्तरीय शहीद स्मारक का निर्माण कार्य शहरी विकास विभाग द्वारा किया जायेगा। इसके लिए सहस्त्रधारा रोड पर भूमि चिन्हित की गई है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इठारना में सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया है। डोईवाला में एक फायर यूनिट स्थापित की गई, फायर स्टेशन की कार्यवाही गतिमान है। डोईवाला सुगरमिल के आधुनिकीकरण का कार्य प्रगति पर है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश, मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी धीरेन्द्र सिंह पंवार, सचिव आर.के सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेष बगोली, दिलीप जावलकर, बृजेश कुमार संत एवं सबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन के तहत होने वाले कार्यों के लिए केन्द्र को प्रस्ताव भेजें

पेयजल विभाग की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि जौलीग्रान्ट पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है। डोईवाला नगरीय पेयजल योजना का कार्य भी प्रगति पर हैं वैभव विहार नवादा में जलाशय एवं डोईवाला विधानसभा के विभिन्न वार्डों के मौहल्लों में पाईप लाईन बिछाने के कार्य के लिए एस्टीमेट बनाया जा रहा है। सौडा सरोली, बड़ासी ग्रान्टएवं थानों–चकताई पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण का कार्य जल जीवन मिशन के तहत किया जायेगा। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई की इन्दरपुर में नवादा नाले की जल निकासी एवं माजरी नहर के दोनों ओर वाकिंग ट्रेक तथा शैडेड सिटिंग एरिया निर्माण का कार्य गतिमान है। डोईवाला में बस अड्डे के निर्माण के लिए रेशम विभाग की भूमि चिन्हित की गई है, इसके लिए अभी विभाग की सहमति नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए विभाग से बात की जाय। उनको अन्य स्थान पर भूमि की व्यवस्था भी जाय। विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि राजकीय इण्टर कॉलेज इठारना के लिए नवीन भवन, राजकीय इण्टर कॉलेज दूधली में बहुद्देशीय हॉल एवं राजकीय इण्टर कॉलेज रानीपोखरी के कक्षा कक्षों के जीर्णोद्धार की कार्यवाही जल्द पूर्ण की जाय।

## संक्षिप्त समाचार

### बंद रहे मंदिरों के कपाट, वापस लौटे श्रद्धालु

**संवाददाता** देहरादून। दून नगर निगम क्षेत्र में अधिकांश मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद रहे। मंदिर पहुंचे भक्तों को वापस लौटना पड़ा। वहीं, निगम क्षेत्र से बाहर मन्दिरों में शरीरिक दूरी बनाकर, सैनिटाइजिंग और मास्क पहने भक्तों को प्रवेश दिया गया। कैंट क्षेत्र के टपकेश्वर महादेव मंदिर में सीमित संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और दर्शन किए। सिद्धपीठ डाटकाली मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने शारीरिक दूरी बनाकर माथा टेक मन्नत मांगी।

### रचनात्मक कार्य का वक्त है कोरोना संक्रमण कालः सुबोध कांत सहाय

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण काल में मानसिक दबाव से बाहर निकलने के लिए रचनात्मक कार्य करने का वक्त है आप आधुनिक तकनीकी के माध्यम से अपने हुनर को सामने ला सकते हैं।

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई ने सस्टेनेबल मैनुफैक्चरिंग में नए मापदंड स्थापित किए

**संवाददाता** देहरादून। ग्रुप प्लांट चेन्नई में सस्टेनेबिलिटी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अनेक अभियानों में से बीएमडब्ल्यू ग्रुप चेन्नई ग्रीन एवं सस्टेने बल भविष्य की ओर सक्रियता से कदम बढ़ा रहा है। यद्यपि समर्पित प्रयासों द्वारा काफी ज्यादा बचत की जा चुकी है, लेकिन यह संयंत्र इस साल के अंत तक 100 प्रतिशत ग्रीन बिजली में परिवर्तित होने के लिए प्रतिबद्ध है और इसने जल के संरक्षण एवं ट्री प्लांटेशन बायो डाईवर्सिटी के लिए नए अभियान लॉन्च किए हैं।

# डबलिंग रेट और रिकवरी रेट में लगातार सुधार

**जानकारी**

■ कान्टेक्ट ट्रेसिंग पर विशेष ध्यानः मुख्य सचिव

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा है कि आज सोमवार को दोपहर तक 25 पॉजिटिव केस आए हैं जबकि 135 कोरोना संक्रमित ठीक हुए हैं। कुल 1380 पॉजिटिव केस में से 697 एक्टिव केस हैं। राज्य में डबलिंग रेट में निरंतर सुधार हो रहा है। अब यह 16 दिन से अधिक हो गई है। हमारा रिकवरी प्रतिशत, राष्ट्रीय औसत के बराबर लगभग 48 प्रतिशत हो गया है। सैपलों के पॉजिटिव होने की दर उत्तराखण्ड में 4.31 प्रतिशत है जबकि देश का औसत 5.37 प्रतिशत है। प्रति मिलियन सैंपल लेने की दर 3169 है। कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की मृत्यु दर देश में 2.78 प्रतिशत है जबकि राज्य में यह दर लगभग 1 प्रतिशत है।

मुख्य सचिव ने कहा कि हमने अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी इजाफा किया है। कोरोना मरीजों के लिए बेड की संख्या 20 हजार हो गई है।

मुख्य सचिव ने कहा कि कान्टेक्ट ट्रेसिंग पर विशेष ध्यान दिया गया है। 1380 कोरोना पॉजिटिव के 6294 कान्टेक्ट ट्रेस किए गए हैं। मुख्य सचिव ने दो सप्ताहों के तुलनात्मक आंकड़े देते हुए बताया कि दिनांक 25 मई से 31 मई के दौरान डबलिंग रेट 4.58 दिन, सैंपल पॉजिटिव रेट 8.83 प्रतिशत थी। जबकि 1 जून से 7 जून के दौरान डबलिंग रेट 13 दिन और सैंपल पॉजिटिव रेट 6.16 प्रतिशत थी। इसी प्रकार 25 मई से 31 मई के दौरान 970 सैंपल टेस्ट किए गए और बेड की संख्या 8375 थी।

मनरेगा के काम में निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रदेश में मनरेगा में 2,1816 काम चल रहे है। जिनमें 3,07,451 श्रमिक लगे हैं। 15 हजार नए जॉब कार्ड बनाए गए हैं, इनमें से 11 हजार को काम भी उपलब्ध करवाया गया है।

### नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई

मुख्य सचिव ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अभी तक लगभग 29737 लोग गिरफ्तार किए गए, 7977 वाहन सीज किए गए और 3 करोड़ 35 लाख रूपए का जुर्माना वसूला गया है। होटल, शॉपिंग मॉल, धार्मिक स्थलों के लिए गाईडलाईन जारी की गई है। इन स्थानों पर फिजीकल डिस्टेंसिंग, सफाई, सेनेटाईजेशन, मास्क का अनिवर्यता से पालन किया जाना है। अगर अनुशासन का परिचय देते हुए आवश्यक नियमों का पालन किया जाता है तो आगे सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा सकती है।

## मेयर से अजबपुर खुर्द को दोबारा सैनिटाइज किये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सरस्वती विहार अजबपुर खुर्द में दोबारा सैनिटाइज किये जाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने मेयर सुनील उनियाल गामा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बीते रोज किया गया सैनिटाइज का कार्य पूर्ण रूप से अधूरा है जिससे लोगों में रोष बना हुआ है। आज सरस्वती विहार विकास समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने मेयर सुनील उनियाल गामा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में दोबारा सैनिटाइज किये जाने की मांग की है।

इस अवसर पर समिति के सचिव गजेन्द्र भंडारी ने कहा कि नगर निगम प्रशासन द्वारा दो दिन नगर निगम क्षेत्र के 100 वार्डों को टैंकर वाला सैनिटाइजर किया जाना था। वार्ड 52 के अंतर्गत सरस्वती विहार अजबपुर खुर्द में सैनिटाइजर का कार्य शुरू हुआ, लेकिन बड़े खेद के साथ यह कहना पड़ रहा है यहां पर सिर्फ 20 प्रतिशत ही सैनिटाइजर हो पाया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।